प्रादेशिक समाचार
दिनांक–12.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय बल पूर्व अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। अग्निपथ योजना पर बहस के बीच केंद्रीय बलों ने इसकी घोषणा की है। सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तथा सशस्त्र सुरक्षा बल के प्रमुखों ने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को आयु में छूट मिलेगी और उनके लिए कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा भी नहीं होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती का एक बड़ा कदम उठाया है। इस बीच सीआरपीएफ के महानिदेशक अनिस दयाल सिंह ने बताया कि सीआरपीएफ ने इस संबंध में सभी व्यवस्थाएं कर ली हैं।

****

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने राकेश रंजन उर्फ रॉकी नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसे नीट यूजी पेपर लीक मामले का सरगना माना जा रहा है। वह इस रैकेट के एक अन्य प्रमुख व्यक्ति संजीव मुखिया से भी जुड़ा हुआ है, जो दो दशकों से घोटाले में शामिल है और फरार है। बताया जाता है कि रॉकी ने अपना ठिकाना झारखंड में बना रखा था। गिरफ्तारी के बाद रॉकी को सीबीआई ने पटना कोर्ट में पेश किया, जहां से सीबीआई को उसकी दस दिनों की रिमांड दी गयी है।

****

नीट पेपर लीक मामले में हजारीबाग के ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसान–उल–हक और उपप्रधानाचार्य इम्तियाज सहित चार लोगों को सीबीआई की रिमांड पूरी होने के बाद पटना के बेउर जेल भेज दिया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई ने 28 जून को इन्हें गिरफ्तार किया था।

****

गिरिडीह में जनसंख्या नियंत्रण के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

****

राज्य सरकार जल्द ही गिग श्रमिकों के लिए कानून बनायेगी। राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने चतरा में पत्रकारों से कहा कि राज्य में असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों की संख्या 40 हजार से अधिक है, जो सेवा प्रदाता कंपनियों के लिए ठेके और डिलिवरी एजेंट के रुप में कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे श्रमिकों के कल्याण के लिए कानून बनाना जरुरी है। श्री भोक्ता ने यह भी बताया कि जिले के टंडवा में 19 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान निजी क्षेत्र की कंपनियां युवाओं को रोजगार प्रदान करेंगी।

****

हजारीबाग में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा की देखरेख में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 11 मार्च से 12 जुलाई तक मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों के बीच सुलह कराया गया था। 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

****

गोड्डा जिले की पुलिस ने पंजवारा पुल के पास गोड्डा से बिहार की ओर जा रही दो मोटरसाइकिलों से एक सौ बोतल विदेशी शराब जब्त किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

****

जमशेदपुर और सरायकेला खरसावां जिले के कुख्यात और फरार अपराधी कार्तिक मुंडा की आज मौत हो गई है। वह कई घटनाओं में वांछित था। बताया जाता है कि उसे पकड़ने के लिए जब पुलिस पहुंची तो वह तीसरी मंजिल से कूद गया। उसे टाटा मुख्य अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

****

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग में समाजसेवी डा. मनोज कुमार ने पौधारोपण अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत समाहरणालय परिसर में पौधे लगाये गये, जिसमें जिले के पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह भी शामिल हुए।

****

देवघर जिले में प्रमाण पत्र निर्गत करने और भूमि संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए विशेष कैंप लगाया गया है। 20 जुलाई तक चलने वाले इस कैंप में अब तक भू–लगान रसीद से संबंधित 410 मामलों का निष्पादन किया जा चुका है।

******समाप्त******